# अनुमंडल कार्यालय पीरो, भोजपुर

## विकास मित्र के रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी सूचना।

मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन, बिहार पटना के पत्रांक– 750, दिनांक– 13.03.2023, पत्रांक– 1272, दिनांक– 02.05.2023 एवं जिला पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक– 2256/क0, दिनांक– 10.11.2023 एवं जिला कल्याण पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक– 1476/क0, दिनांक– 07.02024 एवं 1532/क0, दिनांक– 12.06.2024 में अंकित निदेश के अनुपालन में पीरो अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड– पीरो/तरारी में रिक्त विकास मित्र के पदों पर निर्धारित आरक्षण वर्ग के अनुरूप अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है। विकास मित्र चयन/नियोजन की प्रक्रिया विकास मित्र चयन मार्गदर्शिका के अनुरूप सम्पन्न की जाएगी। रिक्त पद एवं आरक्षित वर्ग की स्थिति निम्नवत है :–

| क्र0 | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम | रिक्तियों की संख्या | जतिगत बहुलता | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीरो | तिलाठ | 01 | मुसहर | सामान्य |
| 2 | तरारी | जेठवार | 01 | रजवार | सामान्य |
| 3 | | मोआप कलां | 01 | चमार | महिला |

चयन हेतु अर्हता

1. आवेदक संबंधी पंचायतों में पूर्व से निर्धारित महादलित परिवार की जाती बहुलता से होगें।
2. जिला पंचायत में विकास मित्र का चयन किया जाना है। संबंधित पंचायत के निवासी से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्राप्त किया जाएगा।
3. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगी।
4. आयुसीमा :– आवेदक का उम्र विज्ञापन की तिथि को न्यूणतम 18 वर्ष और अधिकतम 60 वर्ष होनीं चाहिए।
5. नियोजन की अवधि :– विकास मित्र का नियोजन 60 वर्ष तक कार्य किये जाने हेतु अनुबंध के आधार पर किया जाएगा। विकास मित्र सरकारी सेवक नहीं माने जाएगें।

आवेदक आवेदन करने के पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय से अपने पंचायत के महादलित जाती बहुलता की जानकारी प्राप्त कर सकते है। तदनुसार योग्य अभ्यर्थी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पीरो एवं तरारी के कार्यालय में दिनांक 26.06.2024 से 05.07.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में आवेदन कर सकते है।

विस्तृत जानकारी वेवसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar एवं जिला के वेवसाईट पर देखा जा सकता है।

18/6/24

अनुमंडल पदाधिकारी,
पीरो, भोजपुर।



Scanned with CamScanner